लोकसभा अध्यक्ष ने नववर्ष 2020 की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 31 दिसंबर 2019: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने नववर्ष 2020 की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

अपने संदेश में, श्री बिरला ने कहा: "मैं सभी देशवासियों को सुखी और समृद्ध नववर्ष 2020 की शुभकामनाएँ देता हूँ। नया साल अपने साथ नई शुरुआत लेकर आता है; आइए इस अवसर पर हम राष्ट्र कल्याण के कार्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पुनः दोहराएं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में अधिक उत्साह और शक्ति के साथ आगे बढ़ें। हमारे युवा राष्ट्र निर्माण और विकास की दिशा में अग्रणी रहे हैं और वे एक सुदृढ़, समृद्ध और सशक्त नए भारत के स्वप्न को साकार करने की दिशा में अग्रसर हैं। आइए हम इस अवसर पर वंचित और उपेक्षित बंधुओं के कल्याण के लिए कार्य करने का भी संकल्प लें। मैं सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि की कामना करता हूं।"